# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 2 जनवरी, 2026

वर्ष 02 | अंक 05 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## लॉस एंजिलिस, शिकागो और पोर्टलैंड से नेशनल गार्ड को बुलाया गया वापस, अचानक ट्रंप ने क्यों लिया इतना बड़ा फैसला?



नए साल 2026 के पहले दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एक बड़ा एलान किया है। ट्रंप ने अमेरिका के कुछ शहरों में सैन्य तैनाती को लेकर कई कानून झटकों के बाद शिकागो, लॉस एंजिलिस और पोर्टलैंड से नेशनल गार्ड्स सैनिकों को वापस बुलाने का फैसला किया है।

दरअसल, ट्रंप ने साल 2025 में राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के दूसरे कार्यकाल के पहले साल में अवैध इमीग्रेशन और अपराध पर लगाम लगाने उद्देश्य से डेमोक्रेट्स शासित इन तीन शहरों में NSG भेजा था। हालांकि, उस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के इस फैसले को स्थानीय नेताओं ने निरंकुशतापूर्ण अतिक्रमण बताया था। वहीं, इस फैसले की आलोचना भी की थी। इस दौरान कई स्थानीय नेताओं ने राष्ट्रपति के इस कदम के खिलाफ कानूनी चुनौतियां पेश कीं। ट्रंप ने किया नया दावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर दावा किया कि हम शिकागो, लॉस एंजिल्स और पोर्टलैंड से नेशनल गार्ड को हटा रहे हैं, इन महान देशभक्तों की मौजूदगी से अपराध में काफी कमी आई है और सिर्फ इसी वजह से। उन्होंने आगे कहा कि अगर संघीय सरकार ने हस्तक्षेप न किया होता तो ये तीनों शहर पूरी तरह से बर्बाद हो चुके होते। साल 2025 दिसंबर में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन को शिकागो क्षेत्र में इमीग्रेशन पर लगाम कसने के तहत नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती की अनुमति देने से अनुमति देने से इनकार कर दिया था। हालांकि, यह आदेश कोई अंतिम फैसला नहीं था, लेकिन ट्रंप के लिए बड़ा झटका था।

## माया के प्रभाव से मुक्ति का सहज मार्ग-सहजयोग



मनुष्य का जीवन आज माया के प्रभाव से गहराई से प्रभावित है। भौतिक सुख-सुविधाएँ, पद, प्रतिष्ठा, धन और बाहरी आकर्षण मनुष्य को क्षणिक आनंद तो देते हैं, परंतु भीतर से उसे अशांत, असंतुष्ट और भ्रमित बना देते हैं। यही भ्रम माया कहलाता है जो सत्य से दूर और अस्थायी को स्थायी मानने की अवस्था है। माया के प्रभाव में आकर मनुष्य अपने वास्तविक स्वरूप, यानी आत्मा को भूल जाता है। परिणामस्वरूप तनाव, भय, अहंकार, ईर्ष्या और मोह जैसे विकार जीवन में बढ़ते चले जाते हैं। आधुनिक समाज की अधिकांश समस्याओं की जड़ यही आंतरिक असंतुलन है। ऐसे समय में सहजयोग एक सरल, स्वाभाविक और प्रभावी आध्यात्मिक मार्ग प्रदान करता है। परम पूज्य माताजी श्री निर्मला देवी द्वारा स्थापित सहजयोग में कुंडलिनी शक्ति के जागरण द्वारा आत्म-साक्षात्कार कराया जाता है। यह आत्म-साक्षात्कार ही माया के प्रभाव से बाहर निकलने की वास्तविक कुंजी है।

जब कुंडलिनी जागृत होकर सहस्त्रार चक्र को भेदती है, तब साधक को विचार-रहित जागरूकता की अवस्था प्राप्त होती है। इस अवस्था में मनुष्य माया को पहचानने लगता है और उसके प्रभाव में बहने के बजाय साक्षी भाव में जीवन जीता है।

सहजयोग के नियमित ध्यान से:

- मन शांत और संतुलित होता है
- अहंकार और अति-भावुकता में संतुलन आता है
- सही और गलत का विवेक जागृत होता है
- आंतरिक आनंद और सुरक्षा की अनुभूति होती है

जब भीतर का आनंद जागृत होता है, तब बाहरी आकर्षण स्वतः ही महत्व खो देते हैं। यही माया से मुक्ति का सहज और स्थायी मार्ग है। आज आवश्यकता है कि हम बाहरी समाधान खोजने के बजाय भीतर की ओर देखें। सहजयोग न तो त्याग सिखाता है और न ही पलायन, बल्कि चेतना के उत्थान द्वारा जीवन को सार्थक, संतुलित और सत्य से जुड़ा हुआ बनाता है। सहजयोग से निःशुल्क आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है। अधिक जानकारी हेतु हमारे हेल्पलाइन नंबर 18002700800 पर कॉल कर सकते हैं अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

## पंच परिवर्तन से राष्ट्र उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा: डॉ. मोहन भागवत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के शताब्दी वर्ष के अवसर पर अभनपुर के सोनपैरी गांव स्थित असंग देव कबीर आश्रम में बुधवार को विशाल हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। हिन्दू सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मुख्य वक्ता रहे। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संत असंग देव एवं विशिष्ट अतिथि गायत्री परिवार की समाजसेवी उर्मिला नेताम की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। मंडल स्तर पर यह आयोजन हो रहे हैं। संघ की स्थापना का शताब्दी वर्ष कोई उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज कार्य को और गति देने का अवसर है। इस अवसर पर स्वयंसेवक 'पंच परिवर्तन' विषय को लेकर समाज में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम केवल संकट की चर्चा नहीं करते, बल्कि उसके उपायों पर भी बात करते हैं, क्योंकि यदि हम दृढ़ रहेंगे तो किसी भी संकट का असर नहीं होगा। अपने संबोधन में उन्होंने एक प्रेरक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा-एक खरगोश सोया हुआ था। अचानक पत्ता गिरा तो वह डर गया। उसने भगवान से कहा, "भगवान, मुझे छोटा क्यों बनाया? कुछ हाथी जैसा बना देते।" भगवान ने उसे 'तथास्तु' कह दिया। अब वह तालाब में नहाने गया तो वहां मेढकों ने कहा, "वहां मगरमच्छ हैं, मत जाओ।" खरगोश ने फिर कहा, "हे भगवान, मगरमच्छ जैसी मोटी खाल दे देते।भगवान ने कहा, "तथास्तु।" अगले दिन वन में वह कहीं जा रहा था, तभी जानवरों ने कहा, "भागो, जंगली भैंसों का झुंड आ रहा है, यहां कोई मोटी खाल काम नहीं आएगी।" इस पर खरगोश ने पुनः भगवान को याद किया। भगवान ने कहा कि अलग-अलग रूप और क्षमताएं मांगने के बजाय भय समाप्त करने का वरदान मांग लेते। सरसंघचालक ने पंच परिवर्तन के ये सिद्धांत बताए पहला- भेद को समाप्त करना होगा। समाज के हर वर्ग में हमारा उठना-बैठना हो, सुख-दुःख में सहभागिता हो। "सबको मैं अपना मित्र बनाऊंगा" यही सामाजिक समरसता है। पानी का साधन जो भी हो, वह सबके लिए हो।

दूसरा- अपने घर में सप्ताह में एक दिन तय करके सब एक साथ भजन करें और घर पर बना भोजन साथ करें। आपस के सुख-दुःख की चर्चा करें। हम कौन हैं, देश की स्थिति और परिस्थितियों पर चर्चा करें। महान आदर्शों पर विचार कर यह तय करें कि उन्हें जीवन में कैसे अपनाया जाए और एक-दूसरे को प्रेरित करें। तीसरा- आज ग्लोबल वार्मिंग एक बड़ी चुनौती है। पर्यावरण संरक्षण के लिए मैं व्यक्तिगत स्तर पर क्या कर सकता हूं, इस पर विचार करना होगा। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कैसे कम हो सकता है? पेड़ लगाएं और वाटर हार्वेस्टिंग करें।

# स्मार्ट सिटी का 'स्मार्ट' खेल मैदान बना नशे और जुए का अड्डा, खिलाड़ियों का भविष्य दांव पर

ग्वालियर में स्मार्ट सिटी के सपनों की एक और परत उतर गई है। जिस छत्री मंडी खेल मैदान को युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए "स्मार्ट खेल मैदान" के रूप में विकसित किया गया था, वही मैदान आज नशा, जुआ और असामाजिक गतिविधियों का ठिकाना बनता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि खिलाड़ी और अभिभावक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कभी हॉकी की नर्सरी, आज बदहाली की पहचान छत्री मंडी खेल मैदान को ग्वालियर में हॉकी की नर्सरी माना जाता रहा है। एक समय ऐसा था जब रोजाना 100 से ज्यादा जूनियर और सीनियर खिलाड़ी यहां अभ्यास के लिए पहुंचते थे। मैदान का दायरा बड़ा होने के कारण हर उम्र के लोग यहां खेल और फिटनेस गतिविधियों से जुड़े रहते थे। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत यहां हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कबड्डी और बास्केटबॉल के अलग-अलग कोर्ट बनाए गए। जॉगिंग ट्रैक, शौचालय और पीने के पानी के लिए वाटर कूलर भी लगाए गए। लेकिन आज वही मैदान स्मार्ट सिटी की विफलता का उदाहरण बनता जा रहा है। शाम ढलते ही जमावड़ा, डर के साये में खेल स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों का कहना है कि शाम होते ही मैदान में असामाजिक तत्वों की भीड़ जमा होने लगती है। खुलेआम जुआ



खेला जाता है, गांजा और शराब का सेवन होता है। कई बार बच्चों को डर के कारण बिना अभ्यास किए ही मैदान छोड़कर लौटना पड़ता है।मैदान में शराब पीते युवकों, ओपन जिम में फैली अव्यवस्था और पार्क में जुआ खेलते लोगों के दृश्य अब आम हो चले हैं। सवाल यह है कि क्या यही स्मार्ट सिटी की परिकल्पना थी? स्मार्ट सिटी के दावों की खुलती पोल मैदान में बने शौचालयों की स्थिति बेहद खराब है। गंदगी, बदबू और टूटी-फूटी सुविधाएं देखकर किसी का भी इस्तेमाल करने का मन नहीं करेगा। वहीं, मैदान में लगाया गया वाटर कूलर पिछले पांच महीनों से बंद पड़ा है। न स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन को इसकी चिंता है, न नगर निगम को। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मैदान का गारंटी पीरियड खत्म होते ही रखरखाव पूरी तरह बंद कर दिया गया। पहले रात में सुरक्षा के लिए कर्मचारी तैनात रहते थे, लेकिन अब अंधेरा होते ही मैदान भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। परिषद की बैठक में भी उठा मुद्दा इस गंभीर स्थिति को लेकर क्षेत्रीय पार्षद मोहित जाट ने नगर निगम परिषद की बैठक में सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जिस मैदान में बच्चों का भविष्य बनना चाहिए, वहां आज जुआ और नशा फल-फूल रहा है। इससे खिलाड़ियों और अभिभावकों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि इस लापरवाही का सीधा फायदा असामाजिक तत्व उठा रहे हैं और प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। कुछ दिन पहले मंदिर में हो चुकी है चोरी कुछ दिन पहले छत्री मैदान के पास स्थित रोकड़िया सरकार हनुमान मंदिर में चोरी की घटना भी सामने आई थी। बताया जा रहा है कि रात के समय नशा करने वाले असामाजिक तत्वों ने ही संभवतः इस चोरी को अंजाम दिया है। हालांकि, अब तक इस मामले में कोई खुलासा नहीं हो पाया है। इनका कहना है इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा, "आपके द्वारा यह जानकारी संज्ञान में लाई गई है।

# दिल्ली मुंबई expressway पर फिर पत्थर बाजी की घटना




**सलीम हुसैन**

केंद्र सरकार ने भारतमाला रोड़ का निर्माण कराया गया ताकि दिल्ली बॉम्बे जाने वाले यात्रियों व मॉल वाहनों को आनेजाने में सुविधाएं हो मुंबई दिल्ली eight लैंड रोड पर पत्थर बाजी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है जबकि इस रोड़ पर eight लैंड के अधिकारियों व पुलिस प्रशासन ने रात्रि को ड्रोन से भी निगरानी रखी जा रही है फिर भी असामाजिक तत्वों के द्वारा इस रोड़ पर से गुजरते वाले वाहनों पर पत्थर बाजी कर रहे हैंताजा मामला विगत रात्रि का है जहां एक कार चालक जो कि बड़ौदा से रतलाम की ओर जा रहा था कि थांदला से गुजरते हुए eight लैंड रोड पर कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा कार पर पत्थर बरसाए गए जिससे कार के आगे शीशे टूटने से कार चालक के आंखों में कांच के टुकड़े लगे हैं व शिर में चोट भी लगी।

# ग्राम पंचायत मोहरी राय तमोईया गौशाला में गौ सेवकों ने गौ माता को लड्डू खिला कर हरिला पिलाकर मनाई नई साल



## बढ़ती ठंड में श्री श्याम गौ सेवा समिति बरोदिया ने गायों को खिलाए गुड के लड्डू

**गोलू यादव**

अशोकनगर। सर्दियों की कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए श्री श्याम गौ सेवा समिति के सदस्यों ने पशुओं की देखभाल और उनके स्वास्थ्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का अनूठा उदाहरण पेश किया है।

समिति के सदस्यों ने नई अंदाज मै नई साल मनाई और गुरुवार को स्थानीय तामोईया गौशाला में मौजूद गायों को लड्डू खिलाकर उनकी सेहत का ख्याल रखा। गौ सेवा समिति के समिति प्रबंधक गोलू यादव ने बताया कि सोनू जैन भैया द्वारा युक्त गुड़ के लड्डू दिए जो की ठंड के मौसम में गायों को अतिरिक्त पोषण की जरूरत होती है। इसी उद्देश्य से विशेष रूप से गुड़ और औषधि से मिलकर बने लड्डुओं का प्रबंध किया गया।

ये लड्डू न केवल ऊर्जा का स्रोत हैं, बल्कि ठंड से बचाव में भी सहायक होते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भी ठंड के मौसम में आवारा पशुओं की मदद करें। इस प्रयास से न केवल गायों को राहत मिली, बल्कि समाज में पशु प्रेम और जिम्मेदारी का संदेश भी गया इस मोके पर उपस्थित रहे समिति प्रबंधन गोलू यादव, ग्राम पंचायत मोहरी राय के सरपंच एवं सचिव भी उपस्थित रहे अध्यक्ष ,अजय यादव ,जिला अध्यक्ष रोहित यादव, विवेक यादव, आशीष यादव , विकेश यादव, दीपक यादव प्रदीप यादव » अनुज यादव » मोनू यादव, निखिल यादव आरोन » आदि सदस्य मौजूद रहे।

# संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में वंदे मातरम् एवं जन गण मन का हुआ सामूहिक गायन

प्रदीप सिंह बघेल

शहडोल। नव वर्ष 2026 के जनवरी माह के प्रथम कार्य दिवस पर संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान जन गण मन का सामूहिक गायन हुआ। सामाजिक न्याय विभाग के कला पथक दल द्वारा संगीत मय सामूहिक गायन की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, डिप्टी कलेक्टर सुश्री अर्चना मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर




श्री सरोधन सिंह ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए नई ऊर्जा, नए संकल्प एवं नए उत्साह के साथ दायित्वों का निर्वहन करने का आहवान किया।

## सतनवाड़ा थाना प्रभारी सुनील सिंह राजपूतः शानदार कार्यशैली, कार्रवाई में नंबर वन



ऋषि गोस्वामी

सतनवाड़ा थाना प्रभारी सुनील सिंह राजपूत अपनी बेहतरीन कार्यशैली और सख़्त लेकिन न्यायपूर्ण कार्रवाई के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान बना चुके हैं। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है, जिसके चलते सतनवाड़ा थाना आज कार्रवाई के मामले में अग्रणी माना जा रहा है।थाना प्रभारी राजपूत द्वारा अपराधों पर त्वरित नियंत्रण, लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण और आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर तुरंत समाधान किया जा रहा है। उनकी स्पष्ट कार्यनीति और अनुशासित नेतृत्व के कारण थाना क्षेत्र में अपराधियों में भय और आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।

सुनील सिंह राजपूत की सक्रियता, ईमानदारी और ज़ीरो टॉलरेंस नीति ने पुलिस की छवि को और मजबूत किया है। अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर उन्होंने यह साबित कर दिया है कि वे वास्तव में कार्रवाई में नंबर वन थाना प्रभारी हैं। क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों ने भी उनकी कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा है कि उनके नेतृत्व में सतनवाड़ा थाना पुलिस जनसेवा और सुरक्षा का सशक्त उदाहरण बनकर उभरी है।

## सीईओ जनपद पंचायत ने कार्यों में प्रगति लाने के दिए निर्देश, ली बैठक



शहडोल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहपारू श्री सुधीर दिनकर ने जनपद पंचायत के सभागार में सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायक की बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद पंचायत गोहपारू अंतर्गत किये जा रहे कार्यों में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतो का निराकरण शिकायतकर्ताओ से संपर्क कर संतुष्टिपूर्वक बंद कराएं। बैठक में सीईओ ने निर्देश दिए कि पीएम आवास योजना के तहत निर्माणाधीन कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ पात्र हितग्राहियो को दिलाए, योजनाओ से वंचित न रहे यह सुनिश्चित करें।

बैठक में ईकेवाईसी कार्य की प्रगति, सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के प्रकरणो की निराकरण की स्थिति, पीएम आवास सहित अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एपीओ श्री मनोज मिश्रा सहित ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहें।

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक का पैदल शहर भ्रमण



कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव ने वर्ष 2026 के प्रथम दिवस के अवसर पर शहडोल नगर का पैदल भ्रमण किया। उन्होंने नगर की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा लोगों से संवाद कर शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही पुलिस प्रशासन को भी किसी भी अप्रिय घटना को रोकने को लेकर सतर्क रहने के निर्देश कोतवाली थाना प्रभारी को दिए।

# मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रों ने किया अध्ययन भ्रमण

गोलू यादव

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेता क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं का 1 जनवरी 2026 को अतिरिक्त क्लास के रूप में अध्ययन भ्रमण "कृषि विज्ञान केंद्र पलकटोरी व विकासखंड स्तरीय प्रस्फुटन नर्सरी रांवसर" में कराया गया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक श्री मनोज यादव ने बताया अध्ययन भ्रमण के माध्यम से छात्रों की क्षमता वृद्धि करना तथा कृषि संबंधी योजनाओं का जानकारी लेना।



इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी श्री भवानी शंकर गुप्ता ,कृषि विज्ञान केंद्र की योजना से संबंध जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लिए जीवामृत कैसे बनाया जाता है। डॉक्टर हेमंत कुमार त्रिवेदी ने मशरूम खेती,मधुमक्खी पालन तथा विभिन्न अनाजों की वैरायटी, वर्मी कंपोस्ट, मौसम विभाग का पूर्व अनुमान तथा कृषि से संबंधित अन्य जानकारी दी। जन अभियान की विकासखंड स्तरीय प्रस्फुटन नर्सरी रांवसर का कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारीगण, परामर्शदाता व छात्राओं ने भ्रमण किया।

10000 पौधे किस तरह तैयार किये इसके बारे में जानकारी नर्सरी संरक्षण श्री बलबीर सिंह यादव ने दी । भ्रमण में डॉ श्री के.के. यादव, श्री इंदर सिंह मिर्धा मौसम वैज्ञानिक, विकासखंड के समस्त परामर्शदाता श्रीमती रचना गुप्ता, श्रीमती रानी शर्मा, श्री बलवीर यादव ,श्री अरुण जैन, श्री गणेशराम अहिरवार सहित 45 छात्र व छात्राएं उपस्थित थे।

# नगर प्रवेश प्रतिबंध पर टूरिस्ट बस ऑनर्स एसोसिएशन की आपत्ति, कलेक्टर कार्यालय में दिया आवेदन



**इंदौर।** इंदौर में यात्री बसों के प्रवेश पर लगाए गए प्रतिबंध के संदर्भ में इन्दौर टूरिस्ट बस ऑनर्स एसोसिएशन ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आवेदन प्रस्तुत किया। एसोसिएशन ने नगर प्रवेश पर लगी पाबंदियों पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

एसोसिएशन का कहना है कि कुछ माह पूर्व इंदौर एयरपोर्ट रोड पर नशे की हालत में एक मालवाहक वाहन चालक द्वारा दुर्घटना की गई थी, लेकिन उस घटना के बाद निर्दोष यात्री बस एवं व्यवसायिक वाहन स्वामियों को अनावश्यक रूप से कटघरे में खड़ा कर दिया गया है।

इस संबंध में अपर कलेक्टर रोशन राय ने मीडिया से चर्चा में बताया कि बस ऑपरेटरों की ओर से एक आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें वे समय-सीमा अथवा प्रवेश को लेकर छूट की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे।

एसोसिएशन का दावा है कि पिछले लगभग 60 वर्षों में यातायात पुलिस विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार इन यात्री बसों से नगर क्षेत्र में शायद ही कोई बड़ी दुर्घटना दर्ज हुई हो। उन्होंने बताया कि इंदौर से संचालित टूरिस्ट बसें पिकनिक, विवाह-बारात एवं अन्य विशेष आयोजनों के लिए आम जनता की बहुउपयोगी सेवाएं प्रदान करती रही हैं और यह व्यवसाय बिना किसी विवाद के एक पारंपरिक, ईमानदार और सुरक्षित स्वरूप में संचालित होता रहा है।

एसोसिएशन ने मांग की है कि नगर में प्रवेश के लिए यात्री बसों पर अनिवार्य रूप से ली जा रही यातायात विभाग की अनुमति की व्यवस्था को पूर्ववत समाप्त कर पुरानी प्रणाली बहाल की जाए, जिससे बस व्यवसाय और आम जनता दोनों को राहत मिल सके।

# माथुर वैश्य समाज का महाकुंभ 3 और 4 जनवरी को

## देशभर के 2000 से अधिक समाज के प्रतिनिधि होंगे शामिल

**इंदौर।** अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा का 33वां राष्ट्रीय अधिवेशन 3 और 4 जनवरी 2026 इन्दौर में एमआर-10 स्थित एच.आर. ग्रीन्स में आयोजित किया जा रहा है। इस दो दिवसीय महा अधिवेशन में देशभर के विभिन्न राज्यों से लगभग 2000 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता मामा (फिरोजाबाद) सम्मेलन में शपथ भी ग्रहण करेंगे। अधिवेशन के संयोजक नरेश गुप्ता ने इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 3 और 4 जनवरी को होने वाले माथुर वैश्य समाज के ऐतिहासिक समागम नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता (मामा), फिरोजाबाद अपने नए मंत्रिमंडल का गठन कर शपथ ग्रहण करेंगे। नई टीम विजन डॉक्यूमेंट के माध्यम से आगामी 3 वर्षों के कार्यकाल के लिए माथुर वैश्य समाज के उत्थान हेतु सेवा, संकल्प और सर्वांगीण विकास का रोड मैप प्रस्तुत करेगी। इस दौरान सामाजिक समरसता, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और राष्ट्रहित में समाज की भागीदारी पर विशेष कार्ययोजना पेश की जाएगी। माथुर वैश्य महासभा 150 वर्षों पुरानी एक प्रतिष्ठित संस्था है। माथुर वैश्य सेवा समिति, इंदौर के मीडिया प्रभारी डॉ. नेहा गुप्ता एवं राहुल गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन की मेजबानी का दायित्व मध्यांचल मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता एवं माथुर वैश्य सेवा समिति इन्दौर को सौंपा गया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए नरेश गुप्ता को संयोजक तथा दिनेश गुप्ता (मालवा मिल) को उप-संयोजक नियुक्त किया गया है। इन्दौर की मेजबानी में होने वाला यह अधिवेशन न केवल समाज की एकजुटता को दर्शाएगा, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रगति के नए द्वार भी खोलेगा।

# एडवोकेट ज्योति जोशी ह्यूमन राइट्स 2025 से सम्मानित

**इंदौर।** ह्यूमन राइट प्रोटेक्शन सेल (एचआरपीसी) द्वारा एचआरपीसी इंटरनेशनल कन्वेक्शन फॉर ह्यूमन राइट प्रोटेक्शन 2025 का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। मानवाधिकार दिवस की उपलक्ष में आयोजित इस अधिवेशन में सुश्री एडवोकेट ज्योति जोशी को नेशनल ह्यूमन राइट्स अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें समाज में मानवाधिकार संरक्षण, विधिक जागरूकता एवं विधिक व्यवसाय में न्याय सिद्धांतों को मजबूत करने के लिए दिए गए उनके योगदान के लिए प्रदान किया गया।



# जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटिज़न, इंदौर की मासिक सभा में 'स्वर्णिम ज्ञान चुनौती' और मानव सेवा का संकल्प

**इंदौर।** मानव सेवा में अग्रणी जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटिज़न, इंदौर की मासिक साधारण सभा भण्डारी रिसोर्ट्स, बायपास रोड, इंदौर पर आयोजित की गई। सभा का आयोजन सदस्यों के लिए स्वर्णिम ज्ञान चुनौती के रूप में किया गया, जिसमें ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक प्रश्नों के माध्यम से सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष श्री सुरेशजी देशलेहरा ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा



कहा कि समूह भविष्य में भी निरंतर मानव सेवा के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करता रहेगा। मानव सेवा के अंतर्गत कैंसर केयर ट्रस्ट को सहयोग स्वरूप सदस्य राजेन्द्रजी-सरलाजी लोढ़ा, खुबचंदजी-सरोजजी कटारिया एवं अनोखीलालजी- हेमलताजी जैन द्वारा ग्रुप के माध्यम से दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। ग्रुप द्वारा अब तक 316 स्वास्थ्य शिविर, 18,000 मोतियाबिंद ऑपरेशन तथा 85,000 जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए जा चुके हैं। मानव सेवा के क्षेत्र में समूह निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सभा में गोपीलाल सामोता, श्रेनिक तांतेड, भंवरलाल कासवा, विजय सिंह नाहर, सुरेन्द्रकुमार मारू, सुरेशचंद जैन, महेश डाकोलिया सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभा का संचालन सचिव श्रीमती किरण संचेती ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन अरविन्द चौधरी ने किया।

# दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बनेडिया में 46वीं पदयात्रा का भव्य आगमन, श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ नववर्ष का स्वागत

**देपालपुर।** प्रतिवर्ष की परंपरा को निभाते हुए दिगंबर जैन समाज की आस्था और श्रद्धा का प्रतीक पदयात्रा इस वर्ष अपने 46वें वर्ष में प्रवेश करते हुए मंगलवार 30 दिसंबर को बनेडिया ग्राम स्थित दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर पहुंची। श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन से ओतप्रोत इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे मार्ग में धार्मिक वातावरण बना रहा। पदयात्रा संघ के अध्यक्ष सुरेश काला एवं सचिव मनीष काला ने जानकारी देते हुए बताया कि पदयात्रा का शुभारंभ प्रातः 7:30 बजे श्री दिगंबर जैन मंदिर, गांधीनगर से हुआ। यहां सभी पदयात्री एकत्रित हुए और भगवान के जयकारों के साथ बनेडिया के लिए प्रस्थान किया। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं की सुविधा और सेवा के लिए जगह-जगह नाश्ता, पीने का पानी और आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की गई थी, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मार्ग में ग्राम आगरा में भजन का आयोजन किया गया, जहां पदयात्री भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़े। पूरे रास्ते में भक्ति गीतों और जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। लगभग शाम 4 बजे पदयात्रा बनेडिया स्थित दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में पहुंचने पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष अनिल गंगवाल एवं मैनेजर सतीश जैन द्वारा पदयात्रियों का आत्मीय स्वागत और सम्मान किया गया। दिनभर की यात्रा के बाद यात्रियों की थकान दूर करने के लिए गर्म पानी और नमक से स्नान की विशेष व्यवस्था की गई। इसके पश्चात बुधवार 31 दिसंबर को प्रातः 7 बजे नित्य नियम पूजन एवं भगवान अजीतनाथ का विधान विधिवत रूप से संपन्न हुआ। शाम के समय पदयात्री स्थानीय तालाब की पाज पर पहुंचे, जहां 2025 के सूर्यास्त को भावपूर्ण विदाई दी गई। इसके बाद मंदिर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें भक्तांबर पाठ एवं महाआरती के साथ वर्ष का अंतिम धार्मिक आयोजन श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। नववर्ष के स्वागत में गुरुवार 1 जनवरी को प्रातः 6:30 बजे तालाब की पाज पर नूतन वर्षाभिनंदन एवं सूर्याभिनंदन किया गया। इसके बाद प्रातः 7:30 बजे मंदिर में नित्य पूजन एवं कल्याण मंदिर विधान आयोजित हुआ। दोपहर 12:30 बजे सभी श्रद्धालुओं के लिए वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया। परंपरा के अनुसार इस अवसर पर भगवान अजीतनाथ के समक्ष पदयात्रियों का परिचय भी चढ़ाया गया। इस पदयात्रा का विशेष आकर्षण अमेरिका से आए अपूर्व काला की सहभागिता रही। उन्होंने पहली बार 45 किलोमीटर की पदयात्रा पूर्ण कर अतिशय क्षेत्र मंदिर में भगवान अजीतनाथ के दर्शन किए। अपूर्व काला ने भावुक होते हुए बताया कि वर्षों से इस पदयात्रा में शामिल होने की इच्छा थी, लेकिन कार्यव्यस्तता के कारण यह संभव नहीं हो पाता था। इस वर्ष भगवान अजीतनाथ की कृपा से उन्हें यह अवसर मिला। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने उन्हें गहरी आध्यात्मिक शांति दी है और अब हर वर्ष इस पदयात्रा में शामिल होने की उनकी इच्छा और भी प्रबल हो गई है। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष अनिल गंगवाल, सुरेश काला, मनीष काला, पवन पाटोदी, दिनेश कुमार बड़जात्या सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रद्धा, सेवा और साधना से परिपूर्ण यह पदयात्रा एक बार फिर जैन समाज की धार्मिक एकता और आस्था का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आई।

# अटल जी की जन्म शताब्दी वर्ष पर भाजपा महिला मोर्चा ने आयोजित की काव्य पाठ प्रतियोगिता



**इंदौर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा मंगलवार शाम भाजपा कार्यालय में काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति ने अटल जी द्वारा रचित कविताओं का भावपूर्ण पाठ किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती ज्योति तोमर रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष श्रीमती शैलजा मिश्रा ने की। इस अवसर पर नगर मंत्री श्रीमती कंचन गिदवानी, नेहा शर्मा एवं वृंदा ताई विशेष रूप से उपस्थित रहीं। काव्य पाठ प्रतियोगिता में महिला कार्यकर्ताओं एवं आम महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अटल जी की प्रसिद्ध कविताओं का पाठ किया। कई महिला कवित्रियों ने अटल जी की शैली और भावभूमि को आत्मसात करते हुए प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता का निर्णय वैशाली फड़के एवं सुनीता जोशी द्वारा किया गया। परिणाम स्वरूप बरखा असरानी को प्रथम, सोनिका जाधव को द्वितीय एवं ममता बिरथरे को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में अनीता व्यास, ज्योति पंडित, सुधा सुखयानी, निशा यादव, विमला मनाग्रे, सुषमा पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य अटल जी के साहित्यिक योगदान को स्मरण करना एवं नई पीढ़ी को उनके विचारों से जोड़ना रहा।

# देह से दाम कमाया

## फिर ओलंपिक में मेडल झटका, अब इस 'सच' से मचा हड़कंप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 में पोल वॉल्ट के आसमान को चीरती एलिशा न्यूमैन सिर्फ एक एथलीट नहीं थीं- वो एक घोषणा थीं. एक चुनौती. एक ऐसा सवाल, जिसने खेल की 'सभ्यता' और 'संस्कार' दोनों को कठघरे में खड़ा कर दिया.



कनाडा को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने वाली एलिशा न्यूमैन ने बाद में जो सच बताया, उन्होंने खेल जगत में भूकंप ला दिया- ओलंपिक तक पहुंचने का रास्ता ओनली फैंस से होकर गया था. हां, वही ओनली फैंस, जिसे लेकर फुसफुसाहटें होती हैं, भौंहें तनती हैं. एलिशा ने बिना झिझक कहती हैं ,'ओनली फैंस से जो पैसा आया, उसने मेरी ट्रेनिंग को सांस दी. वो किसी टॉप स्पॉन्सर से कम नहीं था- बल्कि ज्यादा ईमानदार था.' महज 21 हजार डॉलर (करीब 18 लाख रु.) एक ओलंपिक एथलीट के सपनों के लिए ये रकम मजाक जैसी है. ट्रैवल, कोच, इक्विपमेंट, रिकवरी- सब महंगा. ऐसे में एलिशा ने वही किया, जो बहुतों के लिए अस्वीकार्य था, लेकिन उनके लिए जरूरी. उन्होंने अपनी खूबसूरती को छुपाया नहीं- बेचा नहीं, बल्कि ब्रांड बनाया.

खेल जगत में महिलाओं को अक्सर दो खांचों में बांटा जाता है- या तो 'सीरियस एथलीट' बनो, या 'ग्लैमरस चेहरा'. एलिशा ने दोनों को एक साथ जीने का ऐलान कर दिया- वह कहती हैं- 'मैंने तय किया कि मैं किसी एक पहचान में कैद नहीं रहूंगी....मेरी बॉडी मेरी है.. मेरी छवि मेरी है और कमाई भी मेरी होगी.' एलिशा न्यूमैन सिर्फ मेडल जीतने वाली खिलाड़ी नहीं रहीं, वो उस सिस्टम की पोल खोलने वाली आवाज बन गईं, जो खिलाड़ियों से देशभक्ति तो चाहता है,

### एलिशा न्यूमैन की कमाई

एलिशा न्यूमैन 2021 में इस प्लेटफॉर्म से जुड़ीं और करीब 9 प्रति माह (लगभग 1,000 रु) वाले सब्सक्रिप्शन से होने वाली कमाई से उन्होंने पेरिस ओलंपिक की तैयारी का एक हिस्सा खुद फंड किया. न्यूमैन के पेज पर शुरुआत में थोड़ी सनसनीखेज तस्वीरें मुफ्त में दिखाई जाती थीं, जो बाद में निजी संदेशों के जरिए और अधिक स्पष्ट कंटेंट के लिए 50 (करीब 6,000 रु.) या उससे ज्यादा में उपलब्ध कराए जाते थे. 2024 की गर्मियों तक इस काम से उन्होंने 1,70,000 (करीब 2 करोड़ रु.) से अधिक की कमाई की थी.

एक पेड सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है, जहां क्रिएटर अपने कंटेंट के बदले सीधे फॉलोअर्स से पैसे लेते हैं. यह इंस्टाग्राम या यूट्यूब जैसा ही है, फर्क सिर्फ इतना है कि यहां कंटेंट देखने के लिए सब्सक्रिप्शन देना होता है और कमाई का 80 फीसदी हिस्सा क्रिएटर को मिलता है. हालांकि इसकी पहचान एडल्ट कंटेंट से बनी है, लेकिन ओनली फैंस पर फिटनेस, कुकिंग, म्यूजिक, एजुकेशन और स्पोर्ट्स से जुड़ा प्रोफेशनल कंटेंट भी मौजूद है.

## टी20 वर्ल्ड कप से फीफा वर्ल्ड कप तक साल 2026 में खेले जाएंगे ये बड़े टूर्नामेंट

वर्ष 2025 खेल जगत के लिए एक यादगार साल था. कई टीमों ने इस साल टाइटल जीतकर इतिहास रचा. 2025 की शुरुआत में, भारतीय क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती, वहीं RCB ने अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी जीती.

साल के आखिर में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वनडे वर्ल्ड कप जीत कर इतिहास रचा. लेकिन अब 2026 में कई बड़े टूर्नामेंट होने वाले हैं, जिनमें क्रिकेट में टी20 वर्ल्ड कप और फुटबॉल में फीफा वर्ल्ड कप सबसे खास होगा. आइए एक नजर 2026 में होने वाले बड़े टूर्नामेंट पर डालते हैं. ICC अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026साल 2026 की शुरुआत ICC अंडर-19 पुरुष वर्ल्ड कप से होगी. इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी. यह टूर्नामेंट 15 जनवरी से 6 फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जाएंगे।

ICC टी20 वर्ल्ड कप 2026आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जाएगा. इस टूर्नामेंट को भारत और श्रीलंका होस्ट करेंगे. इस बार टी20 वर्ल्ड कप में पहली बार 20 टीमें हिस्सा लेंगी. सभी टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है फीफा वर्ल्ड कप 2026फुटबॉल का सबसे बड़ा टूर्नामेंट FIFA वर्ल्ड कप भी 2026 में ही खेला जाएगा. 11 जून से 19 जुलाई तक चलने वाले इस टूर्नामेंट को अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको मिलकर होस्ट करेंगे. टूर्नामेंट में कुल 48 टीमें भाग लेंगी मेन्स हॉकी वर्ल्ड कप 2026मेन्स हॉकी वर्ल्ड कप का 16वां एडिशन इसी साल होने वाला ये है, जो 14 से 30 अगस्त 2026 तक बेल्जियम और नीदरलैंड्स में खेला जाएगा. यह वर्ल्ड कप हर चार साल में खेला जाता है, जिसे इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन द्वारा पुरुषों की नेशनल फील्ड हॉकी टीमों के लिए ऑर्गनाइज किया जाता है इंडियन प्रीमियर लीग 2026इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 की तारीख अभी घोषित नहीं हुई है. हालांकि, हमेशा की तरह इस साल भी इस टूर्नामेंट के मार्च में शुरू होने की उम्मीद है. दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग में 10 फ्रेंचाइजी ने पहले ही अपनी टीमों के स्क्वाड को पूरा कर लिया है।

रणजीत टाइम्स 06
इंदौर, शुक्रवार 2 जनवरी 2026



## सलमान को लेकर बयानबाजी पड़ी भारी

# 'दबंग' निर्देशक अभिनव कश्यप के खिलाफ थाने पहुंचा फैन

# FIR की उठी मांग

**बॉलीवुड** में अक्सर सितारों के बयान चर्चा में रहते हैं, लेकिन जब बात सीधे फैंस की भावनाओं से जुड़ जाए तो मामला सिनेमा से निकलकर कानून तक पहुंच जाता है। कुछ ऐसा ही देखने को मिला जब सुपरस्टार सलमान खान के एक कट्टर प्रशंसक ने फिल्ममेकर और 'दबंग' के निर्देशक अभिनव कश्यप के खिलाफ पुलिस का दरवाजा खटखटाया।

## अभिनव कश्यप ने सलमान के खिलाफ दिए थे बयान

दरअसल, हाल ही में अभिनव कश्यप ने अलग-अलग पॉडकास्ट और इंटरव्यू में सलमान खान को लेकर कुछ ऐसे बयान दिए, जिन्हें लेकर उनके प्रशंसकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। सलमान के फैन इमरान काजी ने अपने मित्रों के साथ मिलकर पुलिस में आवेदन दिया। इमरान का कहना है कि अभिनव कश्यप ने सार्वजनिक मंचों पर सलमान खान के लिए अपमानजनक और बेहद आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया, जिससे न सिर्फ एक कलाकार की छवि को ठेस पहुंची बल्कि करोड़ों चाहने वालों की भावनाएं भी आहत हुई हैं।

## दूषित पानी त्रासदी पर कांग्रेस का तीखा हमला, PCC चीफ जीतू पटवारी बोले– विजयवर्गीय का बयान अमानवीय, सरकार ने शहर को ज़हर पिलाया

इंदौर । दूषित पानी पीने से हुई मौतों को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस पूरे मामले में सरकार और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पर तीखा हमला बोला है। जीतू पटवारी ने कहा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का बयान बेहद शर्मसार करने वाला है और यह सत्ता के अहंकार को साफ तौर पर दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और नगर निगम इस त्रासदी के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं और मौतों के वास्तविक आंकड़ों को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। जीतू पटवारी ने दावा किया कि इस हादसे में कुल 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें एक दुधमुंहा बच्चा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि सरकार की लापरवाही का भयावह नतीजा है। जिस इंदौर शहर ने देश को स्वच्छता का तमगा दिलाया, उसी शहर को सरकार ने दूषित पानी के जरिए ज़हर पिलाया है। उन्होंने कहा कि कफ सिरप कांड में भी आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई और अब इंदौर की इस घटना में भी सरकार जांच के नाम पर समय बर्बाद कर रही है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि 13 मौतों के बाद भी सरकार को जांच की आवश्यकता महसूस हो रही है, यह अपने आप में चौंकाने वाला है। उन्होंने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को सीधे शब्दों में घेरते हुए कहा कि शर्म करो, यही भारतीय जनता पार्टी का चाल, चरित्र और चेहरा है। मंत्री सत्ता के नशे में बोल रहे हैं और उन्हें जनता के दर्द से कोई सरोकार नहीं है। जीतू पटवारी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने इस मामले की जांच के लिए पूर्व दो नगरीय प्रशासन मंत्रियों की एक टीम गठित की है। उन्होंने मांग की कि जिन लोगों की लापरवाही के कारण 13 लोगों की जान गई है, उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जब कांग्रेस कार्यकर्ता यह मांग कर रहे हैं तो उन पर लाठियां चलाई जा रही हैं, जबकि मंत्री मुआवजे की घोषणा कर सिर्फ औपचारिकता निभा रहे हैं। उन्होंने मुआवजे के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा और कहा कि मंत्री 25 लाख रुपये देने की बात करते हैं, लेकिन पीड़ित परिवारों को दो लाख रुपये के चेक थमा दिए जाते हैं, यह सरासर मजाक है। कांग्रेस की मांग है कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए।

# 4 किमी के लिए 30 रुपये और...; भारत टैक्सी में किराये की लिस्ट आ गई

## एसी-नॉन एसी कैब का भी विकल्प

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नए साल के पहले दिन कैब बाजार में ओला ऊबर को चुनौती देने के लिए आज से भारत टैक्सी भी आ गई है।




स्वदेशी और ड्राइवरों के मालिकाना हक वाला कैब प्लेटफॉर्म आधिकारिक तौर पर आज से शुरू हो गया है। इसे ओला और उबर के एक विकल्प के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि यात्री और ड्राइवर दोनों ही लंबे समय से बेहतर विकल्पों की तलाश में थे। इससे सबसे ज्यादा फायदा मेट्रो शहरों जैसे राजधानी दिल्ली को होग। ऐसे में इसके किराए और कितनी किफायती होगी,इसपर भी चर्चा है। तो आइए आपको विस्तार से समझाते हैं। भारत टैक्सी की सबसे खास बात इसकी बनावट है। यह भारत की पहली सरकारी सहायता प्राप्त और जीरो-कमीशन (बिना कमीशन वाली) कैब सेवा है, जो कोऑपरेटिव मॉडल (सहकारी मॉडल) पर आधारित है। इसे सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड की ओर से चलाया जा रहा है। इसका मुख्य लक्ष्य ड्राइवरों को मालिकाना हक देना, उनकी कमाई को स्थिर बनाना और यात्रियों के लिए तय और उचित किराया सुनिश्चित करना है। यात्रियों के लिए, इसकी कीमत सबसे बड़ी राहत हो सकती है। भारत टैक्सी में फिक्स्ड फेयर यानी तय किराया होगा और कोई सर्ज प्राइसिंग नहीं होगी। इसका मतलब है कि बारिश होने या भीड़-भाड़ वाले समय में आपकी सवारी का किराया अचानक नहीं बढ़ेगा। सवारी बुक करते समय यात्रियों को अपनी पसंद के अनुसार विकल्प भी मिलेंगे। ऐप में कई श्रेणियां दी गई हैं, जिनमें नॉन-एसी , एसी, प्रीमियम और एक्सएल कैब शामिल हैं। प्लेटफॉर्म का दावा है कि पिक-अप का समय बहुत कम होगा और अक्सर कुछ ही मिनटों में कैब आप तक पहुंच जाएगी। यह सुविधा ऑफिस जाने वालों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगी। यात्रियों के नजरिए से देखें तो, साफ-सुथरे और पारदर्शी किराये से उन्हें अपनी यात्रा पर बेहतर नियंत्रण महसूस होगा। साथ ही, यह सेवा अचानक राइड कैंसिल होने जैसी समस्याओं को कम करने की कोशिश कर रही है, जो कि निजी कंपनियों के साथ एक आम शिकायत बन गई है। सुरक्षा के लिहाज से, भारत टैक्सी में ड्राइवरों का वेरिफिकेशन किया गया है और इसे दिल्ली पुलिस व अन्य सरकारी एजेंसियों के सिस्टम से जोड़ा गया है, ताकि यात्रा के दौरान यात्रियों और ड्राइवरों की सुरक्षा को मजबूत बनाया जा सके। दूसरी ओर, ड्राइवरों के पास इस प्लेटफॉर्म से जुड़े रहने की ठोस वजहें हैं। एक सहकारी संस्था के मालिक होने के नाते, वे किराए का लगभग पूरा हिस्सा (80 से 100 प्रतिशत) अपने साथ घर ले जाते हैं, जबकि दूसरी कंपनियों में कमाई का एक बड़ा हिस्सा कमीशन के रूप में कट जाता है। इससे उन्हें अलग से इंसेंटिव के पीछे भागने की जरूरत नहीं पड़ती और हर सवारी स्वीकार करना उनके लिए फायदेमंद होता है।

## नगर निगम के वाहनों में होगा इस्तेमाल

# सीवर की जहरीली गैस से बनेगी बायो सीएनजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डूंडाहेड़ा स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पर सीवर के पानी और मलबे से बायो सीएनजी बनाई जाएगी। इसके लिए



नगर निगम और संबंधित कंपनी के बीच करार हो गया है। निगम का जलकल विभाग जनवरी में वर्क ऑर्डर जारी करेगा। जहरीली गैसों को इकट्ठा कर ईंधन बनाया जाएगा। गैस नगर निगम के वाहनों में भी इस्तेमाल होगी। इससे प्रदूषण कम होगा और राजस्व भी मिलेगा। यह प्रोजेक्ट पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप मॉडल पर बनाया जाएगा। एक निजी कंपनी प्लांट लगाएगी। डूंडाहेड़ा में 70 एमएलडी क्षमता वाला प्लांट बनेगा। लगभग 1500 से 5000 किलो बायो सीएनजी प्रतिदिन बनने की उम्मीद है। हालांकि, यह गीले कचरे की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव विवेक कुमार मिश्रा ने कहा कि जीडीए ने वर्ष 2025 में शहर के विकास को लेकर बेहतर काम किया है। इससे प्राधिकरण की आय भी बढ़ी। अब वर्ष 2026 में प्राधिकरण कई महत्वपूर्ण योजनाओं को पूरा करेगा या उन्हें शुरू कराएगा। इसमें प्राधिकरण की हरनंदीपुरम टाउनशिप प्रमुख है, जिसे तीन से चार माह में लॉन्च करने की योजना है।

कानून-व्यवस्था को मजबूत करने, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर जोन में नए साल पर तीन नई पुलिस चौकियां शुरू की गई हैं। विभाग ने मेरठ तिराहा, गुलधर और दुहाई चौकी को शुरू किया है। डीसीपी नगर धवल जायसवाल ने बताया कि नई चौकियों की स्थापना त्वरित कार्रवाई, गश्त व्यवस्था को सुदृढ़ करने और सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। मेरठ तिराहा पुलिस चौकी में पटेल नगर ए, बी, सी और डी ब्लॉक के अलावा बोंझा, नमो भारत गाजियाबाद स्टेशन और शहीद स्थल को शामिल किया गया है।

# जनवरी के मध्य में अध्यक्ष पद संभाल सकते हैं नितिन नवीन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन जनवरी के मध्य में अध्यक्ष पद संभाल सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। फिलहाल, यह जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा संभाल रहे हैं। वह साल 2020 से अध्यक्ष पद पर हैं। खास बात है कि नवीन को भाजपा की कप्तानी ऐसे समय पर मिल रही है, जब पार्टी पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रही है।

रिपोर्ट में भाजपा सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर बदलाव की जरूरत पूरी हो गई हैं। ऐसे में नवीन का मध्य जनवरी तक पार्टी के शीर्ष पद पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। वह इस पद पर 2029 लोकसभा चुनाव तक रहेंगे।

अखबार से बातचीत में भाजपा के एक नेता ने कहा, 'हमने 18 लाख पोलिंग बूथों में से 17 लाख से ज्यादा पर देश की 1050 जिलों में से 950 से ज्यादा में 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 30 में पार्टी के संविधान के अनुसार संगठन चुनाव करा लिए हैं। आगे की प्रक्रिया भी पूरी तरह की जाएगी।' उन्होंने कहा, 'चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में करीब 3 से 4 दिन लगने की संभावनाएं हैं। इसके बाद राष्ट्रीय परिषद की तरफ से इसे मंजूरी दी जाएगी।' पार्टी के अन्य सूत्र ने अखबार को बताया, 'चूंकि इस प्रक्रिया की घोषणा मकर संक्रांति के आसपास हो सकती है, तो ऐसे में 20 जनवरी तक नए अध्यक्ष के ऐलान के आसार हैं।' वर्ष 2025 के अंत में बिहार के विधायक नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया जाना पार्टी में पीढ़ीगत बदलाव का संकेत माना जा रहा है। उनके ऊपर साल 2026 में पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी होगी।

# दिल्ली से चलेगी पहली वंदे भारत स्लीपर, बिहार समेत 4 राज्यों को इसी महीने से मिल सकता है फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरामदायक सफर और तेज रफ्तार की पहचान बन चुकी 'वंदे भारत ट्रेन' अब नई सुविधा के साथ पटरी पर दौड़ने वाली है। पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन दिल्ली से चलने वाली है। दिल्ली से कोलकाता के बीच नई ट्रेन इसी महीने के अंत तक सफर की शुरुआत कर सकती है। इस ट्रेन के शुरू होने से दिल्ली-पश्चिम बंगाल के अलावा यूपी और बिहार यानी कुल 4 राज्यों के यात्रियों को सुविधा होगी।

पश्चिम बंगाल में कुछ ही महीनों बाद विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे में केंद्र सरकार राज्य की जनता को बड़ा तोहफा दे सकती है। सूत्रों के मुताबिक, जनवरी के तीसरे सप्ताह में पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जा सकता है। हालांकि, इस ट्रेन को पहले दिसंबर 2025 में ही शुरू किए जाने की बात कही गई थी। हाल ही में 180 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से दौड़ी ट्रेन की स्पीड भले ही अभी कुछ कम होगी पर आरामदायक सफर से लंबे रूट पर यात्रियों का अनुभव बेहतर



होने जा रहा है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लंबी दूरी के सफर को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई है और इसमें यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। दिल्ली-कोलकाता के बीच चलने वाली इस ट्रेन से दिल्ली के अलावा यूपी, बिहार और पश्चिम बंगाल को फायदा होगा। यूपी और बिहार में इसका स्टॉपेज कहां-कहां होगा यह अभी साफ नहीं है। लेकिन माना जा रहा है कि कानुपर, इलाहाबाद, दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, पटना जैसे प्रमुख स्टेशनों पर स्टॉपेज हो सकता है। बता दें कि इस रूट पर बड़ी संख्या में ट्रेनें चलती हैं, लेकिन यात्रियों की संख्या भी इतनी अधिक है कि वेटिंग लिस्ट बहुत लंबी होती है। ऐसे में इस रूट पर नई वंदे भारत स्लीपर को बड़ी संख्या में यात्री मिल सकते हैं।

हाल ही में कोटा-नागदा रूट पर स्वदेशी रूप से डिजाइन की गई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का अंतिम चरण का हाई-स्पीड परीक्षण किया। इस दौरान ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 30 दिसंबर को एक्स पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें दिखाया गया कि 180 की स्पीड में भी पानी भरे गिलास स्थर रहे। पानी भी नहीं छलका।

# जयशंकर ने पाक संसद की स्पीकर से मिलाया हाथ, खुद की पीठ थपथपाने लगा पाकिस्तान



**ढका , एजेंसी।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस समय बांग्लादेश की यात्रा पर हैं। यहां पर जयशंकर ने पाकिस्तानी संसद के स्पीकर अयाज सादिक से शिष्टाचार के तहत हाथ मिलाया। अब हताश पाकिस्तान ने विदेश मंत्री के ढाका में हाथ मिलाने की घटना को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की कोशिश की है। पाकिस्तान के बयान में ऑपरेशन सिंदूर से मिले जख्मों की हताशा बयान में नजर आई। समाचार एजेंसी एएनआई ने डॉन की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि पाकिस्तान ने दावा किया है कि यह हाथ मिलाना तब हुआ जब विदेश मंत्री एस. जयशंकर कार्यक्रम के दौरान अयाज सादिक के पास गए। इस प्रेस रिलीज में कहा गया कि पहलगाम हमले के बाद से पाकिस्तान ने लगातार बातचीत, संयम और सहयोग के उपायों पर जोर दिया है, जिसमें शांति वार्ता और संयुक्त जांच के प्रस्ताव शामिल हैं। इसका उद्देश्य है कि बिना उकसावे वाली आक्रामकता और तनाव को रोका जा सके।

**भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के रिश्ते:** गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान संबंधों में काफी तनाव आ गया था, जिसके बाद भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए सोचे-समझे राजनयिक और रणनीतिक कदम उठाए। वहीं, हमले के जवाब में भारत ने राजनयिक जुड़ाव कम कर दिया और ऐसी नीतिगत कदम उठाए जो इस बात को दर्शाते हैं कि बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते।

## ● खालिदा जिया की मौत की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं किया जा सकता

# बीएनपी ने लगाया बड़ा इल्जाम, कहा- शेख हसीना की वजह से गई खालिदा जिया की जान

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के निधन के बाद अब उनकी पार्टी क्ष्ह्क्ष ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर बहुत बड़ा इल्जाम लगा दिया है। बीएनपी ने बुधवार को आरोप लगाते हुए कहा है कि शेख हसीना को पार्टी चेयरपर्सन बेगम खालिदा जिया की मौत की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि लंबी बीमारी के बाद 80 वर्षीय खालिदा जिया का मंगलवार को निधन हो गया था।





ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक बीएनपी स्थायी समिति के सदस्य नजरुल इस्लाम खान ने जातीय संसद भवन के साउथ प्लाजा में खालिदा जिया के अंतिम संस्कार से पहले उन्हें याद करते हुए शेख हसीना पर इस तरह के आरोप लगाए। नजरुल लंबे समय से खालिदा जिया के राजनीतिक सहयोगी रहे थे। अंतिम संस्कार से पहले उन्होंने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस, बांग्लादेशी सशस्त्र बलों के प्रमुख और कई राजनीतिक दलों के नेता के सामने पार्टी की ओर से एक लिखित बयान पढ़ा। इस बयान में नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि खालिदा जिया को 8 फरवरी, 2018 से दो साल से ज्यादा समय तक एक झूठे मामले में जेल में रखा गया था और इस दौरान सही इलाज ना मिलने के कारण उनकी सेहत बहुत ज्यादा खराब हो गई।

# पानी बना 'काल', इंदौर में 14वीं मौत

**● 1400 लोग इन्फेक्टेड, 162 लोग अस्पताल में भर्ती ● मृतक लोगों के परिजन ने चेक लेने से कर दिया मना**

**इंदौर (एजेंसी)।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से अब तक 14 लोगों की मौत की जानकारी मिली है। 14वें मृतक का नाम अरविंद (43) पिता हीरालाल है। वह कुलकर्णी भट्टा का रहने वाला था। इससे पहले 21 से 31 दिसंबर तक 13 लोगों की मौत हो चुकी थी। गुरुवार सुबह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भागीरथपुरा इलाके में पहुंचे। इस दौरान 7 मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए के चेक दिए। परिजन ने मंत्री की मौजूदगी में नाराजगी जताते हुए कहा- हमें आपका चेक नहीं चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 7992 घरों का सर्वे किया है।



इनमें 2456 लोग इंफेक्टेड और संदिग्ध मिले। 200 से ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करीब 40 को डिस्चार्ज किया जा चुका है। 162 लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। एमपी हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने एक जनहित याचिका पर सरकार से 2 जनवरी तक स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। साथ ही सभी का फ्री इलाज कराने के आदेश भी दिए हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय गुरुवार को स्कूटर पर सवार होकर भागीरथपुरा पहुंचे। इस दौरान महिलाओं ने नाराजगी जाहिर की। इसका वीडियो पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। वीडियो में एक महिला कहते दिख रही है 'पिछले दो वर्षों से गंदा पानी आ रहा है। भाजपा पार्षद को बार-बार बताया गया, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ।' जीतू ने लिखा-पूरा मोहल्ला बीमार है, लेकिन सत्ता के अहंकार में चूर मंत्री जी ने गाड़ी आगे बढ़ा ली और बहन की बात तक नहीं सुनी।

### हाईकोर्ट ने सरकार से आज मांगी स्टेटस रिपोर्ट

भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों के मामले में हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में दो जनहित याचिकाएं लगाई गई हैं। इनमें से एक इंदौर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रितेश इंसानी जबकि दूसरी भागीरथपुरा निवासी राहुल गायकवाड़ ने लगाई है। हाईकोर्ट ने दोनों याचिकाओं पर बुधवार को संयुक्त सुनवाई की। इसमें दोनों याचिकाकर्ताओं की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिनव धनोत्कर और ऋषि कुमार चौकसे ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट के सामने कहा कि क्षेत्र में हालात काफी बिगड़ रहे हैं। कई मरीज अस्पताल में एडमिट हैं और मौत का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। वहीं, शासन की ओर से पेश एडवोकेट ने कहा- इंदौर के 10 अस्पतालों में भागीरथपुरा के सभी मरीजों का फ्री इलाज किया जा रहा है। इस पर कोर्ट ने कहा- यह तो करना ही पड़ेगा।

# पुणे में शिवसेना उम्मीदवार ने दूसरे कैंडीडेट का फॉर्म निगला

### पुलिस ने केस दर्ज किया, आरोपी बोला-मैं आधिकारिक उम्मीदवार

**मुंबई (एजेंसी)।** निगम चुनाव से पहले एक हैरान करने वाला मामला सामने आया। पुणे में शिवसेना के एक उम्मीदवार पर अपनी ही पार्टी के कैंडीडेट का बी फॉर्म



फाड़कर निगल लिया। घटना बुधवार को धनकवड़ी सहकारनगर वार्ड कार्यालय में हुई। बाद में भारती विद्यापीठ पुलिस स्टेशन में शिवसेना के उम्मीदवार उद्धव कांबले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुणे में वार्ड नंबर 34 के लिए शिवसेना के दो उम्मीदवारों को बी फॉर्म जारी किए गए थे। इसके बाद शिवसेना के उम्मीदवारों कांबले और मच्छिंद्र धवले के बीच तीखी बहस हुई। पुलिस के मुताबिक बहस के दौरान, कांबले ने धवले का बी फॉर्म छीन लिया, उन्हें फाड़ दिया और टुकड़े निगल लिए। फॉर्म और जरूरी दस्तावेज हैं जिनके तहत एक राजनीतिक पार्टी किसी खास नॉमिनी को चुनाव में अपना उम्मीदवार घोषित करती है। बीएमसी समेत 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी को होने हैं, काउंटिंग अगले दिन होगी। नॉमिनेशन प्रक्रिया 23 दिसंबर को शुरू हुई थी, जो 30 दिसंबर को खत्म हुई।

# 5,800 ब्नेई मेनाशे लोगों की इजराइल वापसी

**मणिपुर-मिजोरम में रहते थे, इस साल 1200 जाएंगे**

**चुराचंदपुर (एजेंसी)।** मणिपुर और मिजोरम में बसे ब्नेई मेनाशे समुदाय (यहूदी) के करीब 5,800 लोगों की इजराइल वापसी की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इजराइली कैबिनेट की ओर से ढाई सौ करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद चरणबद्ध तरीके से समुदाय को इजराइल ले जाया जाएगा। 2026 तक समुदाय के 1,200 लोग इजराइल भेजे जाएंगे। जबकि, 2030 तक पूरी 'घर वापसी' का लक्ष्य रखा गया है। पूर्वोत्तर भारत की पहाड़ियों में बसा यह समुदाय खुद को बाइबिल की 'दस खोई हुई जनजातियों' में से मेनाशे का वंशज मानता है। 2700 साल पहले असिरियन निर्वासन के बाद वे पूर्व की ओर बढ़े और अंत में भारत में बस गए। इजराइल सरकार की नई योजना से उनकी 'घर वापसी' तेज हो रही है। इसके तहत



2030 तक पूरी कम्युनिटी को इजराइल में बसाया जाएगा। हालांकि इस तेजी के पीछे मणिपुर की जातीय हिंसा की त्रासदी भी छिपी बताई जा रही है। मणिपुर के चुराचंदपुर, मिजोरम के आइजोल में मुख्य रूप से रिहाइश भारत में ब्नेई मेनाशे की कुल आबादी कभी 12,000 थी। लेकिन, अब मणिपुर में करीब 4,000 और मिजोरम में करीब 1,800 बचे हैं।

### इजराइल में परिवार, नौकरी और आवास की आस

जाने वाले सदस्यों को इजराइल में शांति और सुकून की उम्मीद है। मिजोरम के कम्युनिटी लीडर जेरेमिया एल. ह्रामते कहते हैं, हम 'प्रॉमिस्ड लैंड' लौट रहे हैं। मणिपुरा हिंसा ने हमें मजबूर किया, पर यह हमारी जड़ों की पुकार है। एक युवा सदस्य ने कहा, 'यहां सुरक्षा नहीं, इजराइल में परिवार मिलन, नौकरी, आवास और हिब्रू शिक्षा मिलेगी।' मणिपुर में मई 2023 में मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। यह 2025 के शुरुआती महीनों तक जारी रही। हिंसा के दौरान कई इलाकों में आगजनी, लूट और हत्याओं की घटनाएं हुईं। हजारों लोग विस्थापित हुए और राहत शिविरों में रहने को मजबूर हुए।

# सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन..."; PM मोदी ने "प्रगति" की 50वीं बैठक में 2026 के लिए इन मंत्रों पर दिया जोर

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 'प्रगति' की 50वीं बैठक में सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र पर जोर दिया। 'प्रगति' ने पिछले एक दशक में 85 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को गति प्रदान की है।**

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने परियोजना जीवन-चक्र के प्रत्येक चरण में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नागरिकों के लिए त्वरित क्रियान्वयन, उच्च गुणवत्ता और बेहतर परिणामों को सुनिश्चित करने के लिए आने वाले वर्षों में सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन (प्रगति) मंच को और मजबूत किया जाना चाहिए।प्रधानमंत्री ने कहा कि सुधारों की गति को बनाये रखने और कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए 'प्रगति' आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 'प्रगति' मंच का इस्तेमाल करके राष्ट्रीय हित में लंबे समय से लंबित परियोजनाओं को पूरा किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'प्रगति' सहकारी संघवाद का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री ने सड़क, रेलवे, बिजली, जल संसाधन और कोयला समेत विभिन्न क्षेत्रों की पांच महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं की समीक्षा की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, ''ये परियोजनाएं पांच राज्यों में फैली हुई हैं, जिनकी कुल लागत 40,000 करोड़ रुपये से अधिक है।''इसमें कहा गया है कि 'पीएम श्री योजना' की समीक्षा के दौरान, प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल समग्र और भविष्य के लिए तैयार स्कूली शिक्षा के लिए एक राष्ट्रीय मानदंड बननी चाहिए, जिसमें बुनियादी ढांचे पर केंद्रित होने के बजाय परिणाम-उन्मुख कार्यान्वयन हो। उन्होंने सभी मुख्य सचिवों को 'पीएम श्री योजना' पर कड़ी निगरानी रखने का भी निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि 'पीएम श्री' स्कूलों को राज्य सरकारों के अन्य स्कूलों के लिए मानक बनाने के प्रयास किए जाने चाहिए। मोदी ने कहा कि सुधारों की गति को बनाए रखने और उनके परिणाम सुनिश्चित करने के लिए 'प्रगति' आवश्यक है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने अगले चरण के लिए स्पष्ट अपेक्षाएं साझा कीं और सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के अपने दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रस्तुत की।प्रधानमंत्री ने कहा, ''सुधार का उद्देश्य सरलता लाना, प्रदर्शन का उद्देश्य परिणाम देना और परिवर्तन का उद्देश्य प्रभाव डालना है।'' मोदी ने कहा कि प्रदर्शन का अर्थ समय, लागत और गुणवत्ता पर समान रूप से ध्यान केंद्रित करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'प्रगति' के माध्यम से परिणाम-उन्मुख शासन को मजबूती मिली है और अब इसे और भी गहराई तक ले जाना होगा।

उन्होंने कहा कि 'प्रगति' मंच का उपयोग करके राष्ट्रीय हित में लंबे समय से लंबित परियोजनाओं को पूरा किया गया है। मोदी ने 'प्रगति' की 50वीं बैठक में इस उपलब्धि को पिछले एक दशक में भारत की शासन संस्कृति में आए गहरे परिवर्तन का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के लिए पर्याप्त संसाधन सुनिश्चित किए हैं और सभी क्षेत्रों में निरंतर निवेश किया है।